हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

13 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में श्रीकृष्ण



14 मांगों को लेकर बिफरी कर्मचारी यूनियन






## खबर संक्षेप

### इंस्पेक्टर संजय कुमार बने बहल थाना प्रभारी

**बहल।** इंस्पेक्टर संजय कुमार को एक बार फिर बहल पुलिस थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। करीब एक माह पूर्व उनका तबादला कर दिया गया था, जिसके बाद उनकी जगह प्रवीण कुमार को एसएचओ बनाया गया था। संजय कुमार की पुनर्नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। उनके तबादले के बाद सोशल मीडिया पर लगातार उन्हें वापस बहल थाना प्रभारी बनाए जाने की मांग उठती रही। पुलिस विभाग ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। संजय कुमार की पहचान ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में रही है।

### दो व्यक्तियों को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल भिवानी ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक पर मादक पदार्थ लेकर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाया और नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 6.66 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र राजेंद्र तथा मनजीत पुत्र सूरजभान, निवासी गांव संडवा, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जगह अच्छी बारिश हुई, पारा लुढ़का

# ज्येष्ठ में श्रावण जैसी झड़ी, गर्मी से निजात, उमस की टूटी लड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही प्री-मानसून या मानसून का आगमन न हुआ, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ व अरब सागर से तालमेल बनने के बाद मंगलवार को कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई। पहली बार ज्येष्ठ माह में पश्चिमी विक्षोभ ने श्रावण जैसा अहसास करा दिया। अल सुबह से लेकर दोपहर तक कभी तेज तो कभी धीमी बोच्छारों ने मौसम को सुहावना बना दिया।

हल्की बौछारों ने करीब आठ डिग्री सेल्सियस तक पारे को लुढ़का दिया। लोगों को गर्मी व उसम से राहत मिली। दूसरी तरफ बारिश के बाद ढलान वाले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। हालांकि बारिश थमने के एक घंटे बाद पानी की निकासी का कार्य शुरू हो गया था, लेकिन एक घंटे तक लोगों को बारिश के पानी से ही होकर गुजरना पड़ा। मंगलवार को लोग सोकर उठे भी नहीं थे कि उनका स्वागत हल्की बौछारों ने किया। अल सुबह करीब पांच बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ देर तक हल्की बूंदाबांदी होती रही। बाद में बारिश ने गति पकड़ ली। करीब दो घंटे तक कभी हल्की बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश हुई। बारिश शुरू होते ही पारे के नखरे ढिले होने लगे। पारा दस बजे तक लुढ़क कर 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लोगों को गर्मी व उमस से पूरी तरह से छुटकारा मिल गया। चूंकि पिछले कई दिनों से लोग गर्मी व उमस से बेहाल थे। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था, लेकिन आज जो बारिश हुई है। उससे पारा लुढ़क कर 35 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों ने राहत की सांस ली। कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई, लेकिन शहर में उसी वक्त पम्पसेट चालू कर दिए। जिसके चलते पानी बरसने के कुछ देर बाद ही पानी की निकासी हो गई।

> *बारिश के बाद ढलान वाले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी, हालांकि एक घंटे बाद निकासी का कार्य शुरू हो गया*

#### कहां कितनी हुई बारिश

| | |
|---|---|
| भिवानी | बूंदाबांदी |
| बवानीखेड़ा | 6 एमएम |
| तोशाम | बूंदाबांदी |
| सिवानी | 20 एमएम |
| लोहारू | 16 एमएम |
| बहल | 10 एमएम |

#### फसलों के लिए वरदान

किसानों ने बताया कि इस समय उन्होंने खेतों में कपास, ज्वार व बाजरे की फसल की बिजाई की हुई है। कुछ किसानों ने डीएसआर विधि से धान की फसल की बिजाई की है। इस वक्त बारिश से इन सभी फसलों में बेहतरीन फायदा होगा। क्योंकि इन फसलों को अब सिंचाई की जरूरत थी। अभी हुई बारिश ने इन फसलों की सिंचाई की कमी को पूरा कर दिया है। अब इन फसलों में बारिश से बेहतरीन फुटाव होगा और जिससे फसलों की औसतन पैदावार में काफी बढ़ोतरी होगी।

## पांच बजे से आठ बजे तक रुक-रुक कर बरसे बदरा, 10 एमएम पानी बरसा



**बहल।** मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे बहल क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। यह बारिश सुबह आठ बजे तक रुक-रुक होती रही। इस दौरान आसमान से करीब 10 एमएम पानी बरसा। बारिश से बहल कस्बे में अनेक जगह पर पानी भर गया जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। इस बारिश को फसलों किए बेहद अनुकूल माना जा रहा है। समय पर हुई इस बारिश से बाजरा, ग्वार और मूंग की बिजाई की जा सकेगी। किसान पवन सुरपुरा, जयसिंह सहित अन्य ने बताया कि फसल बिजाई के लिए अच्छी बारिश की जरूरत थी। मंगलवार को हुई मानसून की पहली बारिश से फसलों की उम्मीद बनी है। फसलों के लिए तेज तपत और उसके बाद बारिश दोनों जरूरी होते है। वही, बारिश से गर्मी से राहत भी मिली पर जलभराव से भारी परेशानी हुई। अनेक जगह पर गंदगी से भरे नाले ओवरफ्लो हो गए और रास्तों पर दो से तीन फीट तक पानी बहाव रहा जो काफी देर तक लोगों के आने जाने में रुकावट बना रहा। श्याम मंदिर मार्ग, मानव कल्याण अस्पताल, तहसील कार्यालय के सामने पानी भर गया। सरपंच साधुराम का निवास के सामने पानी भरने से नहर बहती नजर आई।

## मंढ़ाणा में कंडम पोल गिरे, बिजली कर्मचारी सप्लाई को सुचारु करने के लिए दिन-रात मशक्कत करते रहे



**बवानीखेड़ा।** मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। सुबह से लेकर दोपहर तक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में सड़कों पर पानी भर गया तथा मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया। वहीं दूसरी और ये आंधी तूफान बिजली विभाग के लिए आफत खड़ी कर गया। तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। वहीं कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई, हालांकि संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने व्यवस्था को सुचारू बनाने के प्रयास शुरू कर दिए। किसानों ने भी इस बारिश को फसलों के लिए लाभदायक बताया, हालांकि तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है। बारिश के चलते बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कुछ समय के लिए प्रभावित रही। वाहन चालकों को भी जलभराव और फिसलन के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं मंढ़ाणा में अनेक बिजली के कंडम पोल गिर गए और कर्मचारी दिन-रात मशक्कत करते दिखाई दिए।

## डांडमा के प्रशांत श्योराण ने जीता गोल्ड मेडल



**बाढ़ड़ा।** गांव डांडमा निवासी मुक्केबाज प्रशान्त श्योराण का एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप चयन ट्रायल में गोल्ड मेडल जीतने पर खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है। डांडमा निवासी प्रशांत का 3 से 14 जुलाई तक इंडोनेशिया जकार्ता में होने वाली यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयनित होने पर समस्त ग्रामवासियों में खुशी है। चयन प्रक्रिया 13-14 जून को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रोहतक में हुई, जिसमें बॉक्सर प्रशान्त ने फाइनल में मणिपुर के बॉक्सर को 7-0 के स्कोर से हराते हुए एशियन के लिए चयन सुनिश्चित किया गया है।

बॉक्सिंग कोच मनोज शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी बॉक्सर प्रशान्त ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीते है। हाल ही में 8 वीं यूथ पुरुष एवं महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप जो गुवाहाटी आसाम में खेली गई थी, उसमे भी बॉक्सर प्रशान्त ने गोल्ड मेडल जीतकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया था। प्रशान्त ने साल 2017 में बॉक्सिंग की शुरुआत गुरुग्राम की बॉक्सिंग अकेडमी में प्रशिक्षक मनोज शर्मा से की थी।

## मिड डे मील वर्कर्स करेंगे रोष प्रदर्शन, 18 को बाढ़ड़ा में फूंकेंगे सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

> वर्कर्स 10 अगस्त को करेंगे जेल भरो आंदोलन

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ब्लॉक कमेटी बाढ़ड़ा अध्यक्ष राकेश देवी काकड़ोली, निर्मला जेवली, सुशीला डालावास तथा सीटू जिला सहसंयोजक कमलेश भैरवी व सुमेर सिंह ने सरकार के गैर-जिम्मेदाराना रवैये की कड़ी निंदा की है। यूनियन नेताओं ने कहा कि पिछले लगभग दो वर्षों से मिड डे मील वर्कर्स मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही हैं। अनेक विरोध प्रदर्शनों और ज्ञापनों के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की है। गत 5 जून को घेराव का नोटिस दिया। मंत्री द्वारा 9 जून को चंडीगढ़ सचिवालय में वार्ता का समय देने पर घेराव स्थगित किया, लेकिन तय समय पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल को मंत्री नहीं मिले। 10 जून को रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। अब 18 जून को सरकार का पुतला दहन किया जाएगा।

## अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र भिवानी में अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला नगर योजनाकार भिवानी, ड्यूटी मजिस्ट्रेट जय सिंह एसडीओ (सिविल) बवानीखेड़ा तथा हरियाणा स्टेट एन्फोर्समेंट ब्यूरो थाना भिवानी के सहयोग से एक संयुक्त अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान शहरी क्षेत्र भिवानी के मौजा भिवानी-जोगपाल स्थित



भिवानी-ढाणा लाडनपुर रोड पर लगभग तीन एकड़ में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनाए गए इंटरलॉक टाइल तथा कच्चे सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया।

#### अवैध कॉलोनी में संपत्ति न खरीदें

जिला नगर योजनाकार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों में संपत्ति खरीदने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें तथा प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि शहरी एवं नियंत्रित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पूर्व संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से हरित पट्टियों, आरक्षित क्षेत्रों तथा अनधिकृत स्थानों पर निर्माण कार्य नहीं करने का भी आग्रह किया और नियमों का पालन करने की अपील की।

### 25 को पीएम स्वनिधि महोत्सव अब पंचायत भवन में होगा

**भिवानी।** प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत जिले के रेहड़ी-पटरी वेंडर्स एवं छोटे दुकानदारों के लिए जून माह में विशेष लोन एवं पंजीकरण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। 25 जून को पीएम स्वनिधि महोत्सव भीम स्टेडियम की बजाय पंचायत भवन में आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त हरबीर सिंह ने बताया कि उपायुक्त के मार्गदर्शन 18 जून को अनाज मंडी भिवानी, 22 जून को बीटीएम चौक भिवानी तथा 25 जून को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन पंचायत भवन में किया जाएगा। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

## झूठी शादी करवाकर 5 लाख रुपये हड़पने का आरोप

> **पीड़ित ने बताया कि उसे 3 लाख रुपये नगद और 2 लाख रुपये कपड़ों, जेवरात व खानपीने पर खर्च कर दिए**

**तोशाम।** हिसार के नियाणा गांव के एक व्यक्ति के साथ दो महिला सहित 5 लोगों ने झूठी शादी करवाकर पांच लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर पांचों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हिसार के नियाणा निवासी जगत सिंह में बताया कि वह मजदूरी करता है। उसने बताया कि तोशाम निवासी रणसिंह, सन्दीप, चन्द्रकला व दो अन्य एक महिला व एक व्यक्ति ने मिलकर उसको शादी का झांसा दिया। जगतसिंह ने बताया कि वे आपस मे साजबाज होकर षडयंत्र के तहत उससे धनराशि ऐंठने की गर्ज से बार-बार कहते कि हम तेरी शादी करवाएंगे, लेकिन इस शादी पर सारा खर्चा तुझे ही करना पड़ेगा। जगतसिंह ने बताया कि उसने घर बसता देखकर उक्त लोगों की बातों पर विश्वास करके उन्हें 3 लाख रुपये नगद व 2 लाख रुपये कपड़ों, जेवरात व खानपीने पर खर्च कर दिए। 09 नवंबर 2025 को उक्त लोगों ने उसकी शादी किसी अज्ञात लड़की से करवाई। बाद में जिस लड़की की शादी करवाई थी उसे मौके से भगा दिया। जगतसिंह को उनकी मंशा पर शक हुआ और उन्हें कहा कि मैं आप लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करूंगा। बाद में जगतसिंह ने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

## रोजगार मेले में 38 अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र



**चरखी दादरी।** शहीद नरेंद्र कुमार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी में रोजगार मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 63 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 38 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित किया गया। संस्थान के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल मानव संसाधन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने चयनित हुए अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं के हित में भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। प्लेसमेंट अधिकारी श्रीनिवास ने बताया कि संस्थान युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा समय-समय पर रोजगार मेलों एवं कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।



## राष्ट्रसेवा के लिए तीसरी पीढ़ी में गांव चांदवास का देवेंद्र श्योराण बना लेफ्टिनेंट

**बाढ़ड़ा।** गांव चांदवास निवासी देवेन्द्र श्योराण ने लेफ्टिनेंट पद का संकल्प लेकर अपने दादा स्वतंत्रता सेनानी अमरसिंह के सपनों को पूरा किया है। देवेन्द्र के सैन्य अधिकारी बनने पर गांव में खुशी का माहौल है। देवेन्द्र श्योराण बाल्यकाल से ही मेद्यावी है और 2017 में एयरफोर्स में भर्ती हुए थे तथा सेवाकाल के दौरान ही उन्होंने एसीसी कमरीशन प्राप्त कर 2022 में लेफ्टिनेंट के लिए चयनित हुए तथा लगातार चार वर्षों से इंडियन मिलिट्री एकेडमी में कड़ा प्रशिक्षण लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मौजूदगी में संकल्प लिया। देवेन्द्र श्योराण का परिवार तीन पीढ़ियों से सेना में हैं। वहीं पिता ओमबीर श्योराण हरियाणा परिवहन से डीआई के पद से सेवानिवृत्त हैं और ताऊ उमेद सिंह सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। देवेन्द्र बाल्यकाल से ही वालीबाल, टेबल टेनिस व टेनिस के बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।

### पंचायत भवन में आयोजित सम्मेलन को सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने किया संबोधित

# आमजन की भागीदारी से पूरा होगा विकसित भारत-2047 का सपना

> केंद्र सरकार के 12 साल के शासनकाल के दौरान अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को पंचायत भवन में जनकल्याण शिविर, प्रबुद्धजन समावेशी बैठक और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नए भारत के विकास की झलक दिखाई दी।

कार्यक्रम में सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मुख्यातिथि तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सीटीएम अनिल कुमार भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की 12 साल की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। इस दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा विकासरपक प्रदर्शनी भी लगाई गई, सांसद, जिला अध्यक्ष व अन्य नागरिकों ने उत्सकुता के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रही है और उनकी नीतियों से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य जनभागीदारी से ही पूरा होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब वर्ग के लोगों को घर बैठे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिला रही है। सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है।

## कादमा के विदित शर्मा बने लेफ्टिनेंट गांव में खुशी का माहौल, मिली बधाई



**भिवाएनी।** आईएमए देहरादून में पासिंग आऊट परेड के बाद अपने माता पिता के साथ लेफ्टिनेंट विदित शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**बाढ़ड़ा।** कादमा निवासी विदित शर्मा के भारतीय सेना में अधिकारी बनने पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर है। विदित ने 13 जून को इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में हुई भव्य पासिंग आउट परेड में राष्ट्रसेवा का संकल्प लेते हुए लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया। विदित शर्मा ने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी की एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने तीन वर्षों तक कठोर सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर ये गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। 13 जून को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में पासिंग आउट परेड में विदित ने देश एवं मातृभूमि की रक्षा की शपथ ली। विदित के पिता राजेश शर्मा ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं और वर्तमान में अहमदाबाद में निवास करते हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों में गर्व का माहौल है।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय' में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।



## हॉलीवुड मसाला

# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।



# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :** इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।** हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप


लोहारू। गिगनाऊ में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए ग्रामीण।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने की सफाई

**लोहारू।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित कुमार के मार्गदर्शन में गिगनाऊ ग्राम पंचायत एवं स्वतंत्रता सेनानी चौधरी जगराम राजकीय वमा विद्यालय द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके तहत गांव में सफाई अभियान चलाया और ग्रामीणों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता श्याम सुंदर सांगवान ने कहा कि स्वच्छता बहुत आवश्यक है। 2 अक्टूबर 2015 से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 12 साल से अभियान चल रहा है।


चरखी दादरी। तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**चरखी दादरी।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशों पर और जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ लघु सचिवालय स्थित पार्क में किया। शिविर में योगाचार्य विकास राणा ने प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभ बताएं।

### बीपीएमएस का नेत्र एवं मेडिकल कैंप 17 को

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) द्वारा 41वां निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल कैंप 17 जून बुधवार को श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन का समय सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। शिविर में सैंकड़ों मरीजों की नेत्र जांच होगी और मोतियाबिंद पाए जाने पर उसके निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। कैंसर आशंकित मरीजों की जांच भी की जाएगी। मैत्री संघ के संयुक्त सचिव और कैंप के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि शिविर में दिल्ली के दो बड़े अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

### एग्रो डिस्कॉम का बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध

**लोहारू।** हरियाणा एग्री डिस्कॉम की अधिसूचना जारी होने के बाद हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर इसका विरोध किया है तथा इसके विरोध में मंगलवार को स्थानीय कार्यालय परिसर में गेट मीटिंग का आयोजन किया। गेट मीटिंग में कर्मचारी नेताओं ने हाल ही में सरकार अपनी मनमानी ढंग से एग्री डिस्काम को लागू कर रही है। जिसमें कर्मचारियों के साथ दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं हैं।

# श्रीकृष्ण और सुदामा मिलन की कथा सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु

## सकारात्मकता, सेवा भाव और धार्मिक चेतना को जागृत करना है कथा का उद्देश्य : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हनुमान गेट स्थित कुम्हारों का मोहल्ला की प्रजापति धर्मशाला इन दिनों भक्ति के सागर में डूबी हुई है। श्री दक्ष प्रजापति सेवा समिति भिवानी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व उत्साह और गहरी आस्था देखने को मिल रही है। प्रतिदिन भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र दिव्य और भक्तिमय हो गया है। भगवान के जयकारों और भजनों से माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग चुका है।

कथा के सप्तम दिन व्यासपीठ पर विराजमान कथाव्यास पंडित ब्रिज मोहन कौशिक ने श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता और राजा परीक्षित के मोक्ष मिलने का प्रसंग सुनाया। जैसे ही व्यासपीठ से कृष्ण-सुदामा के मिलन का प्रसंग शुरू हुआ, पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कई भक्तों की आंखें नम हो गईं। कथाव्यास पंडित ब्रिज मोहन कौशिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक श्रवण मात्र नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला साक्षात ईश्वरीय स्वरूप है। आज के युग में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है। भगवान कभी धन, दौलत या ऊंच-नीच नहीं देखते, वे केवल सच्चे प्रेम और अटूट भक्ति के भूखे हैं। सुदामा ने कभी कुछ नहीं मांगा, लेकिन उनकी निस्वार्थ भक्ति देखकर स्वयं त्रिलोकीनाथ ने अपनी पूरी संपदा उन पर न्योछावर कर दी।



भिवानी। श्री मदभागवत कथा में प्रवचन करते हुए तथा सुंदरकांड पाठ में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### गीता के उपदेशों एवं हवन से पावन हो रही भिवानी की धरा


भिवानी। हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

**भिवानी।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भिवानी नगरी अध्यात्म के रंग में सराबोर है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार भिवानी द्वारा प्रतिदिन का गीता पाठ और हवन यज्ञ कर शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। इस आयोजन को सुचारू रूप से संचालित कर रहे श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार के प्रधान नरेश कुमार आहूजा, महासचिव विनोद कुमार छाबड़ा व संजय कामरा ने आध्यात्मिक अभियान को लेकर अपने विचार और संदेश सांझा किए हैं। प्रधान आहुजा, महासचिव छाबड़ा व संजय कामरा ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी और मानसिक तनाव के बीच श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश हमें जीने की सही राह दिखाते हैं। पुरुषोत्तम मास का हमारे सनातन धर्म में विशेष महत्व है।

### धर्म एवं सेवा ही समृद्ध समाज का आधारः स्वामी कृष्णानन्द

**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी स्थित शिव सागर मंदिर के निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सिल्वर जुबली समारोह श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सत्यनारायण कथा, सुंदरकांड पाठ, भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर पुण्य कमाया। आयोजन समिति के सदस्य हेमराज खन्ना व राजकुमार जावा ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 11 जून 2001 को जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज के कर-कमलों से हुई थी। उन्होंने कहा कि ढाई दशकों से मंदिर के विकास और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों में तपोभूमि परमहंस योगाश्रम के स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज की प्रेरणा और निरंतर सहयोग का विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम के पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन केवल परंपरा का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ये मानव मन को शुद्ध करने और समाज में समरसता लाने का माध्यम हैं। जब हम सुंदरकांड और सत्यनारायण कथा जैसी विधाओं से जुड़ते हैं, तो हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।


तोशाम। एसडीएम से बातचीत करते प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# क्रेशर मालिक मिले तोशाम एसडीएम से

- एसडीएम ने दिया बुधवार को मौके पर जाकर निरीक्षण करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

खानक पहाड़ खनन में नियम अनुसार पत्थर न देने, एचएसआईआईडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पद का दुरुपयोग करने तथा खनन कंपनी को लाभ पहुंचाने व अवैध वसूली करने के विभिन्न आरोपों को लेकर आरोपियों के खिलाफ कुछ क्रेशर मालिक मंगलवार को तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार से मिले। इस दौरान एसडीएम संदीप कुमार ने क्रेशर मालिकों की समस्याओं को सुनकर बुधवार सुबह स्वयं मौके का निरीक्षण करने के लिए कहा। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने उपायुक्त भिवानी, पुलिस अधीक्षक भिवानी, अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी, एसडीएम तोशाम, डीएसपी तोशाम, थाना प्रभारी तोशाम आदि सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी शिकायत में कृष्ण मलिक ने कहा कि नियम अनुसार पत्थर नहीं दिया जा रहा, एचएसआईआईडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पद का दुरुपयोग कर खनन करने वाली धनसर कंपनी को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाते हुए अवैध वसूली बंद करवाने के लिए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।शिकायतकर्ता का कहना था कि 58 घंटे होने के बाद भी पहाड़ में खड़ी गाड़ियों पर कोई जांच नहीं हुई अतः शीघ्र जांच करने हेतु कार्रवाई की जाए। उनका कहना था कि इस तरह कार्रवाई नहीं होने पर पावरफुल लोग उनके क्रेशर व पर गाड़ियों को बैन करवा सकते हैं और ड्राइवरों के साथ मारपीट कर क्रेशर, गाड़ी व ड्राइवरों पर कोई भी मुकदमा बनवा सकते हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से नियम अनुसार पत्थर दिलवाने तथा संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर की मनमानी बंद करने व आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिसको लेकर वह मंगलवार को तोशाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम संदीप कुमार से मिले जिस पर एसडीएम संदीप कुमार ने बुधवार सुबह मौके पर जाकर निरीक्षण करने तथा संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही बात करने का आश्वासन दिया।

# हुडा पार्क में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का 122 ने उठाया लाभ

- जागरूकता ही है बीमारियों से बचाव का सबसे बड़ा व कारगर हथियार : कन्हैया लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




हुडा पार्क में मंगलवार को भारत लेबोरेटरी द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस जनहितैषी पहल में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी सेहत की जांच करवाई। कैंप के दौरान एसोसिएशन के कुशल टेक्नीशियनों द्वारा पहुंचे हुए सभी 122 मरीजों की ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर की मुफ्त जांच की गई। जांच करने के साथ-साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखने की महत्वपूर्ण सलाह भी दी। बदलते मौसम और मानसून के आगमन को देखते हुए कैंप में पहुंचे लोगों को मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नागरिकों को विस्तार से समझाते हुए अपील की कि वे घरों के आसपास या छतों पर पानी बिल्कुल भी इकठ्टा न होने दें।

# मुख्यमंत्री आज चौधरी बंसी लाल एयरोड्रोम पर 31 करोड़ से निर्मित सुविधाओं का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 जून को भिवानी जिले में आगमन पर करीब 31 करोड़ रुपए की लागत से चौधरी बंसी लाल सिविल एयरोड्रोम पर नव-निर्मित हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन, सुरक्षा चौकी का उद्घाटन करेंगे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री सिवानी के गांव खेड़ा की नई अनाज मंडी खादी एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आयोजित किए जा रहे खादी रोजगार उत्सव में खादी श्रमिकों और कारीगरों को विभिन्न प्रकार के टूलकिट वितरित करेंगे।

### 31 करोड़ रुपये की आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 जून को दो बजे चौधरी बंसी लाल सिविल एयरोड्रोम, भिवानी में आयोजित हो रहे कार्यक्रम के दौरान करीब 31 करोड़ रुपए की सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे, जिसमें नव-निर्मित हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन, सुरक्षा चौकी एवं कैंटीन शामिल हैं। वे केवल भवन नहीं, बल्कि भिवानी के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। यह नई अवसंरचना भिवानी को पश्चिमी हरियाणा के एक उभरते हुए विमानन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। नवीन हैंगर सुविधा विमान एवं हेलीकॉप्टर संचालन तथा उनके सुरक्षित रखरखाव को नई गति प्रदान करेगी, जबकि आधुनिक एटीसी भवन हवाई यातायात प्रबंधन को और अधिक सुरक्षित, प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाएगा। भिवानी में उपलब्ध यह आधुनिक अवसंरचना आने वाले वर्षों में उड़ान प्रशिक्षण, हेलीकॉप्टर संचालन तथा विमानन सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### खादी रोजगार उत्सव में खादी श्रमिकों के लिए बाँटे जाएंगे टूलकिट


खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 जून को शाम 4 बजे भिवानी जिले के सिवानी स्थित नयी अनाज मंडी, खेड़ा गांव, में आयोजित होने वाले 'खादी रोजगार उत्सव' में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 972 कारीगरों को प्रमाण-पत्रों के साथ कुल 3,645 आधुनिक मशीनों एवं टूलकिट वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर की 22,259 नई परियोजनाओं के लिए लगभग 504.68 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का ऑनलाइन वितरण भी मुख्यमंत्री के करकमलों से किया जाएगा।


बवानीखेड़ा। बैठक को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य धर्मेन्द्र चैधरी।

### चार खंडों की डाइट की बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा

**बवानीखेड़ा।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों, एबीआरसी तथा बीआरपी ने भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य ने की। बैठक में डाइट प्राचार्य एवं चरखी दादरी के जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, डाइट प्रवक्ता मोनिका, विवेक कुमार, नीरज सौपर्णा, खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह सहित कैरू, तोशाम के खंड शिक्षा अधिकारियों सहित एबीआरसी, बीआरपी कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी द्वारा इस दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार, शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा नई शिक्षा नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। डाइट प्राचार्य ने एबीआरसी और बीआरपी को शिक्षा विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया।

### जिला के सभी अधिकारी समाधान शिविरों में व्यक्तिगत उपस्थिति करें सुनिश्चित


चरखी दादरी। समाधान शिविर समस्या सुनते अधिकारी।

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से समाधान शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लिखित आदेश जारी करते हुए कहा है कि जनता की शिकायतों के प्रभावी और समय पर निवारण के लिए विभागीय अधिकारियों की मौके पर निर्णय लेने के लिए व्यक्तिगत भागीदारी आवश्यक है, ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। जिला का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले और मुख्य रूप से जिला से बाहर तैनात अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन जिला में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, जिसमें प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में अनिवार्य उपस्थिति शामिल है। अधिकारी अपने उपस्थिति के दौरान जनता की शिकायतों का शीघ्र निपटाएं।



भिवानी। समर कैम्प के दौरान बच्चों को पानी बचाने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बारिश के पानी को एकत्रित कर जरूरत में करें यूजः शिक्षक

**भिवानी।** घुसकानी (भिवानी) वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय विद्यालय में यूथ एंड इको क्लब द्वारा संचालित 7 दिवसीय ग्रीन समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मंगलवार को बच्चों को जल बचाओ व पर्यावरण बचाओ विषय पर जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि जब तक बच्चे नेचर के प्रति सचेत व जागरूक नहीं होंगे तब तक किसी भी अभियान को मुकाम तक नहीं पहुंचाया सकता । शिविर के तीसरे दिन बच्चों को बारिश के सीजन में बारिश के पानी का संचय करने तथा उससे होने वाले फायदों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस वक्त बारिश आती है। उस वक्त हजारों लीटर पानी व्यर्थ में बह जाता है,लेकिन जिस वक्त पानी की जरूरत होती है। उस वक्त पानी नहीं मिलता। अगर बारिश का पानी स्टोरेज किया होता तो उस पानी का आसानी से उपयोग किया जा सकता है। बारिश का पानी अन्य जल के स्त्रोतों से बेहतरीन पानी होता है।

# एसडीएम ने योग दिवस की तैयारियों बारे अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी


- स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग, योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा, हर घर योग, हर दिन योग थीम है 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि आगामी 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के बेहतर आयोजन के लिए जिन अधिकारियो को जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने मंगलवार को अपने कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग, योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा, हर घर योग, हर दिन योग के थीम पर आयोजित योग दिवस समारोह सरकार द्वारा प्रदेश स्तर, जिला स्तर और खंड स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

तोशाम खंड में चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महा विद्यालय के प्रांगण में और कैरू खंड में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह प्रातः 06:00 से 07:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने 21 जून को योग कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों को योग दिवस कार्यक्रम में जिम्मेदारी सौंपी और सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग, योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा, हर घर योग, हर दिन योग थीम पर यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व पटल पर पहचान बने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतीक है।

### समाज सुधार के लिए एकजुट हुआ सैन समाज, संजय कुमार एडवोकेट बने ब्लॉक प्रधान


तोशाम। नवनियुक्त पदाधिकारी का मुंह मीठा करवाते हुए।

**तोशाम।** तोशाम हलका में सैन समाज को मजबूत करने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से मंगलवार को विशाल बैठक का आयोजन तोशाम के पंचायत भवन में किया गया। बैठक का आयोजन पूर्व प्रधान नरेश तिगाला सागवानिया की अध्यक्षता में हुआ तथा इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा केश कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सुरेश कुमार सैन ने शिरकत की और समाज को एकजुट होने का संदेश दिया। बैठक में 18 से अधिक गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस विशाल बैठक में तोशाम हल्का के कोने-कोने से सैन समाज के लोग जुटे जिसमें गांव सागवान, छपार, तोशाम, दुल्हेड़ी, सुगरपुर, कैरु, निगाना कलां, निगाना खुर्द आदि के लोगों ने भाग लिया।

## दिनोद के स्कूल में पर्यावरण व जल बचाओ पर संगोष्ठी का आयोजन

# 11 पौधें रोपित कर धरती को हरा-भरा बनाने का दिया संदेश

- छात्राओं, शिक्षकों व इको क्लब अध्यक्ष ने पर्यावरण प्रदूषण व जल की कमी पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद एवं जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार इको क्लब एवं मिशन लाइफ के तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दिनोद में ग्रीन समर कैंप का आयोजन किया, जिसमें पर्यावरण सुधार व जल बचाओ पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि इको क्लब के जिलाध्यक्ष कमल शर्मा रहे। कार्यक्रम प्राचार्या सीमा कुमारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ व अध्यक्षता अध्यापिका पिंकी जिंदल ने की। कार्यक्रम में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यतिथि इको क्लब के जिला अध्यक्ष कमल शर्मा ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण प्रदूषण व जल की कमी है, जिसके जिम्मेवार हम स्वयं हैं।


भिवानी। छात्राओं को पर्यावरण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलवाते इको क्लब के जिला अध्यक्ष कमल शर्मा, लक्ष्मण गौड़। फोटो : हरिभूमि

### पानी बचाने के लिए किया प्रेरित

कैंप का उद्देश्य यहीं कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक बच्चे को जागरूक करके पर्यावरण प्रदूषण को रोकना है तथा प्लास्टिक, पॉलीथिन का प्रयोग से बचना है। प्रकृति हमें वर्षा के रूप में जल देती है, लेकिन हमारी लापरवाही से जल नालियों में जाकर दूषित हो जाता है, इसके लिए हमें जल का संचय करना चाहिए, क्योंकि पूरे विश्व में एक प्रतिशत से कम शुद्ध जल बचा है। कमल शर्मा ने बताया कि धरती पर जीवन जीने के लिए स्वच्छ वातावरण एवं जल की विशेष आवश्यकता हैं। सरकार के द्वारा बार-बार जल हैं तो कल हैं, जल नहीं बचाएंगे तो प्यासे मर जाएंगे, पेड़ लगाओ, प्रकृति बचाओ, जल बचाओ और धरती को हराभरा एवं सुंदर बनाओ का संदेश दिया जाता हैं, इसके बावजूद कुछ लोग नलों को खुला छोड़ देते हैं, दिनभर गाड़ियां धोने, फर्श व गली धोने के चक्कर में पानी की बर्बादी करते हैं और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करके प्रकृति का संतुलन बिगाड़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। वहीं मास्टर लक्ष्मण गौड़ ने विद्यार्थियों को जल बचाओ व पर्यावरण सुधार की शपथ दिलवाई। उन्होंने ईको ग्रीन के उद्देश्य से प्रेरित होकर 11 पौधें रोपित किए और धरती को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया।

### प्राकृतिक खेती व उत्पाद बनेंगे विकसित भारत का आधार

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त मनदीप कौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जिला के प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, पशुपालक, मत्स्यपालन करने वाले और बागवानी के कार्य में लगे किसान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि देश विकसित राष्ट्र की ओर कदम बढ़ाने लगा है। देश के लोग 2047 के लक्ष्य को लेकर स्वयं काम करने लगे हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारे किसान और खेती का क्षेत्र अहम साबित होगा। डीसी ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की वहां के नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर होती है।

**सूचना**

मैं, राजकुमार पुत्र भरत सिंह निवासी गांव सिघांनी तहसील लोहारू जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आशा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कच्ची गलियों, कैर एवं जाल के पेड़ों के बीच खेलते थे पिट्ठू-गेंद, डंडा-बित्ती व डंडा-चूख



याद बहुत आते हैं वो दिन...

**कभी नहीं मिले खिलौने अब बच्चा पैदा होते ही मिल जाते सैकड़ों खिलौने और रिमोट वाली गाड़ियां**

**खेलते समय चोट लगने पर हम माटी उठाकर या कपड़ा रूई जलाकर भर देते थे घाव में**

**नशे की तरह नाश करने जैसा नहीं होता था जाति-पाति का जहर सभी जातियों के बच्चे खेलते थे इक्ट्ठा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

वर्ष 1957 में मेरा जन्म भिवानी जिले के गांव रिवासा में हुआ, उस समय की तुलना आज के समय को देखकर बहुत ही घुटन महसूस होती हैं, क्योंकि पहले नशे की तरह नाश करने जैसा जाति-पाति का जहर नहीं होता था, सभी जातियों एवं धर्मों के बच्चे एक साथ खेलते थे। गांवों की सभी गलिया कच्ची होती थी और गांवों के बाहर कैर एवं जाल के पेड़ों का छोटा सा बण होता था, जिनके बीच खाली मैदान में सभी बच्चे पिट्ठू-गेंद, डंडा-बित्ती व डंडा-चूख खेलते थे, ये पुराने संस्मरण भिवानी जिले के गांव रिवासा एवं हाल में कीर्ति नगर निवासी राजकुमार कांटिया ने बदलते समय एवं संस्कारों की गिरावट पर बहुत ही अफसोस जाहिर करते हुए बताए। राजकुमार कांटियां ने बताया कि कई बार डंडा-बित्ती खेलते समय बित्ती किसी बच्चे को लग जाती थी। बित्ती की चोट से गहरा घाव होकर खून रुकने का नाम नहीं लेता था, तब हम माटी (मिट्टी) उठाकर या कपड़ा-रूई जलाकर चोट के घाव में भर देते थे, लेकिन कभी किसी मां-बाप ने किसी दूसरे बच्चों के घर उल्हाना नहीं दिया, बल्कि गांव के हर बड़े बुजुर्ग व महिलाओं की शर्म करते थे और डरते भी थे, कहीं किसी ने कुछ गलत या शरारत करते देख लिया तो ये भी पिटेंगे और घर जाकर मां-बाप से पिटवाएंगे। अब खुद के बच्चों को भी कोई मां बाप नहीं डांट फटकार सकता, क्योंकि अब शर्म और सहनशक्ति नहीं हैं।



कीर्ति नगर निवासी राजकुमार कांटियां।

### शादी में मिले साइकिल घड़ी-रेडियो का होता था जिक्र

वहीं पहले शादी में किसी को साइकिल, घंड़ी व रेड़िया में से कुछ मिल जाता था तो पूरे गांव व आसपास में रुका पड़ जाता था कि फल्ला आदमी के बेटे की शादी में साइकिल, घड़ी व रेड़िया मिला हैं, बहुत तगड़ी एवं महंगी शादी करने की बात होती थी, लेकिन आज शादियों में लोग करोड़ों रुपये बर्बाद करते हैं और फिर भी रिश्तेदार, लड़के वाले या अन्य लोग बुराइयां ही करते हैं कि शादी में ये नहीं किया, वो नहीं दिया के झगड़ों के साथ दहेज के लफड़े और तलाक तक हो जाते हैं। मेरे काका निहाल सिंह के बेटे जयबीर की शादी में साइकिल, घड़ी व रेडियां मिला था, तब हम दोपहर को 2 बजकर 20 मिनट पर पंडित लख्मीचंद की देसी रागनी और रात को पौने नौ बजे आकाशवाणी व बीबीसी लंदन की खबरे सुनते थे।

### सुलझ जाते थे झगड़े

वहीं पहले घर की बात या झगड़े आपस में बैठकर सुलझा लेते थे, बड़े-बूढ़ों की आंखों की शर्म होती थी, भाईचारा बहुत ही मजबूत था, लेकिन आज किसी का झगड़ा या कहासुनी हो जाए तो बड़े-बूढ़ों या चाचा-ताऊ की न बच्चे मानेंगे और न घर की बीरबानी, बस एक-दूसरे को फांसी तूड़वाने के चक्कर में एक-दूसरे से पहले थानों में भागते हैं, जो सामाजिक ताने-बाने की बहुत बड़ी गिरावट हैं। हम तो समाज को यहीं संदेश देना चाहेंगे कि अपने बच्चों व पोते-पोतियों को बचपन से ही संस्कारवान बनाओ, जिससे कि पाश्चात्य संस्कृति का उनपर प्रभाव ही न पड़ सकें और पाश्चात्य संस्कृति औंधे मुंह गिरकर समाप्त हो जाए।

# बाबू नै मेला देखण खातर दो भाइयां तै दिया एक रुपया, अब सौ रुपये की कीमत नहीं

**आस-पड़ोस व गांव की बहन-बेटियां होती थी सगी, अब संस्कारों में आई भयंकर गिरावट**

**मेले में घर के लिए बेर व बहन-बेटियों के लिए खरीदी दस माला**

**चने की लामणी में पहले चने की जेटें बनाओ, फेर दूंगा मेले में जाण खातर पैसे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

वर्ष 1966 की बात हैं जब मैं 11 साल का था और गांव के स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। उस समय मनोरंजन का साधन मेले, सांग, रागनी, खेल होते थे। उस समय पड़ोस गांव हिंडौल में हरिहर का मेला भरा था, मैं और मेरा छोटा भाई सतबीर डरते डरते बाबू धौरे खेत में गए। उस समय खेत में चने की लामणी लाग रही थी। हमने अपने पिता सीताराम से मेले में जाने के लिए पैसे मांगे तो पिता बोले पहले चने की जैट बनाओ, फैर तमनै मेले में जाण खातर पैसे दूंगा। हमने दोनों भाइयों ने चने की लामणी में जेटें बनाई। इसके बाद बाबू ने दोनों भाइयों को मेले में जाण खातर एक रुपया दिया और घर खातर बेर और बहन-बेटिया खातर माला लावण की बात कही, ये संस्मरण अपने पुराने समय को याद करते हुए गांव धारेड़ू निवासी नारायण शर्मा ने सांझा किए। उन्होंने कहा कि आज छोटे बच्चों के सामने सौ रुपये की कीमत भी कुछ नहीं हैं और हम दोनों भाई उस समय एक रुपये में बर्फी खाई, मेला देखा और सामान भी खरीदकर लेकर आए थे।



धारेड़ू निवासी नारायण शर्मा।

### 50 पैसे के दो किलो बेर खरीदे

नारायण शर्मा ने बताया कि मेरे पिता सीताराम ने मुझे मेले में जाने के लिए एक रुपया दिया, जिसपर पिता ने कहा कि मेरे पास तो एक रुपया सै, यो दोनुआं का सै, दोनों इसमें मेला देख आओ, जिस पर छोटा भाई सतबीर कहने लगा मुझे भी दो तो पिता ने एक रुपये में से लेकर उसको दे दिया और दोनों को बरतने की बात कही। ऊपर से बेर और माला लाने की बात भी कही। हम दोनों भाई मेले में गए तो घुसते ही पर्ची फड़वानियां मिल गया, वो कहने लगा चार आने (25 पैसे) एक पर्ची फाड़ो, इनाम पाओ। मैंने छोटा भाई मनाया एक पर्ची फाड़ी तो दो रुपये निकल आए, फेर पर्ची फाड़ी एक रुपये और निकल आया। इसके बाद खाली पर्ची निकली और आखिर में दो रुपये बच गए। हमने फैसला किया कि दोनों एक एक रुपया खर्च करेंगे। हमने आठ आनै (50 पैसे) के दो सैर (दो किलोग्राम) बेर खरीदे और 10-10 पैसे की अपनी और आस-पड़ोस की बहन-बेटियों के लिए दस माला खरीदी और बाकि बचे आठ आनै (50 पैसे) की सूजी की पेट भरकर बर्फी खाई और घर आ गए।

### दीये की रोशनी में पढ़ाई

पहले गांव की बहन-बेटी अपने सगी होती थी, अब संस्कारों की गिरावट ने तो गांव देखा न, खुद का घर-परिवार, सब कुछ पाश्चात्य संस्कृति की तरफ भाग खड़े हुए। मैं 1972 में दसवीं कक्षा में था, स्कूल जाने से पहले सुबह-सुबह भैंसों के लिए चारा लाते, दूध निकालते, चारा कटवाते थे और रात को दीये की रोशनी में पढ़ते थे, घरों में लाइट नहीं होती थी। रात को बैल बंधते थे, वहां रात को बैठकर पढ़ते थे और जब बैल पेशाब या गोबर करते थे तो उनका पेशाब जमीन पर कभी नहीं गिरने दिया, क्योंकि उनका थान (बैठने का स्थान) गिला हो जाता तो उन्हें बैठने में परेशानी होती थी, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखते थे, ये गोवंश के प्रति प्यार-प्रेम की भावना होती थी।

## कर्मचारियों के अधिकारों पर हमला स्वीकार नहीं, संघर्ष होगा तेज : रंगा

# मांगों को लेकर बिफरी कर्मचारी यूनियन, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

*फील्ड कर्मचारियों की जायज मांगें जल्द पूरी करे सरकार*



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आईबी बौंद ब्रांच के बैनर तले मंगलवार को सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता, बौंद डिवीजन भिवानी कार्यालय पर फील्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपते हुए लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान नरेश बमला ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव सुरजीत रंगा ने किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों ने सरकार एवं विभाग की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। ब्रांच सचिव सुरजीत रंगा ने कहा कि फील्ड कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में विभागीय कार्यों को पूरी निष्ठा से अंजाम दे रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं और मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की जायज मांगों का जल्द समाधान करना चाहिए, अन्यथा कर्मचारी संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वरिष्ठ उपप्रधान आजाद भाली ने कहा कि विभाग की रीढ़ माने जाने वाले फील्ड कर्मचारियों को सुविधाओं और संसाधनों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारी हित में सकारात्मक कदम उठाने चाहिए तथा लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्रांच प्रधान नरेश बमला, सचिव सुरजीत रंगा, वरिष्ठ उपप्रधान आजाद भाली, जिला कमेटी भिवानी, बिजेंद्र फौजी, कोषाध्यक्ष जयंत कुमार, पवन, सुरेंद, राकेश, धर्मवीर बडेसरा, आई बी बौंद दादरी प्रधान दीपक धवन, सचिव बलराज शर्मा, कैशियर पुष्पोन्द्र परमार व तीनों विभागों के अनेक कर्मचारी नेता एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एग्रो डिस्कॉम और स्मार्ट मीटर के विरोध में भिवानी में फूटा बिजली कर्मचारियों का गुस्सा

- निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे बिजली कर्मचारी, फूंकीं सरकारी आदेश की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

इलेक्ट्रिसिटी एंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया व सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को पूरे हरियाणा में एग्रो डिस्काउंट की नोटिफिकेशन की प्रतियां फूंककर और काले बिल्ले लगाकर तीखा विरोध दर्ज कराया गया।

इसी कड़ी में सर्कल भिवानी में भी कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार के इस कदम को पूरी तरह जन-विरोधी करार दिया। इस मौके पर सर्कल सचिव अशोक कुमार ने बताया कि साल 1997-98 में भाजपा समर्थित तत्कालीन हरियाणा सरकार ने घाटे का हवाला देकर बिजली बोर्ड को तोड़ा था। उस समय तर्क दिया गया था कि बिजली बोर्ड 450 करोड़ रुपये के घाटे में है, इसलिए इसे चार कंपनियों में विभाजित किया जा रहा है। लेकिन आज इतिहास खुद को दोहरा रहा है। अब हरियाणा एग्रो डिस्काउंट प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक नई कंपनी का आगाज किया जा रहा है।



भिवानी। स्मार्ट मीटर के आर्डर की प्रतियां फूंकते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 1 से 50 यूनिट तक 2.50 पैसे

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य ऑडिटर धर्मवीर सिंह भाटी ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगे स्मार्ट मीटरों के रेट का हवाला देते हुए हरियाणा के मौजूदा रेट से तुलना की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट से 100 यूनिट तक 4.79 पैसे प्रति यूनिट, 101 यूनिट से लेकर के 300 यूनिट तक 10.88 पैसे, 301 यूनिट से लेकर 500 यूनिट तक 14.55 पैसे प्रति यूनिट, 500 से 17.88 पैसे प्रति यूनिट दी जा रही है। जबकि हरियाणा में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 1 से 50 यूनिट तक 2.50 पैसे प्रति यूनिट, एक से 150 यूनिट तक 4.50 पैसे प्रति यूनिट है, 151 से 300 यूनिट तक 5.35 पैसे प्रति यूनिट, 301 से 500 यूनिट तक 6.78 पैसे प्रति यूनिट, 500 से अधिक यूनिट पर 7.88 पैसे प्रति यूनिट होगा। यानी के आने वाले समय में अगर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं।

### आम जनता का शोषण होगा

राज्य सचिव लोकेश व राज्य कमेटी सदस्य चांदराम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नया एग्रो डिस्काउंट बनने से बिजली व्यवस्था निजी हाथों में चली जाएगी और आम जनता का शोषण होगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने तत्काल प्रभाव से एग्रो डिस्कॉम का गठन, स्मार्ट मीटर लगवाने का फैसला और समांतर लाइसेंस देने की प्रक्रिया को रद्द नहीं किया तो ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन किसानों और अन्य जन-संगठनों के साथ मिलकर इस आंदोलन को और ज्यादा तीखा व राष्ट्रव्यापी रूप देगी। इस अवसर पर रविंद्र यादव, सतीश तंवर, सुखबीर, राजीव, धर्मबीर, मुकेश, अनिल फोरमैन, ललित यादव, अजीत, उमेश श्योराण, प्रवेश जांगड़ा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने सिंचाई विभाग के एसई का घेरा कार्यालय, ईआईसी को सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारियों के हितों को लेकर सरकार का ढुलमुल रवैया अब बर्दाश्त से बाहर : सोमबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन (रजिस्टर नंबर 41, मुख्यालय चरखी दादरी) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले मंगलवार को सिंचाई विभाग की तमाम ब्रांचों के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों के कार्यालय पर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विभाग के पांचों कार्यकारी अभियंताओं के माध्यम से इंजीनियर-इन-चीफ (ईआईसी) के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला उप प्रधान रामशरण खुंडिया ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन जिला सचिव सोमबीर पालूवास द्वारा किया गया। प्रदर्शनकारियों को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए राज्य सह सचिव संदीप सौरखी ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है।



भिवानी। मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी।

## बिजली कर्मचारियों ने प्रतियां जला जताया विरोध



भिवानी। बिजली कार्यालय में डिस्काम कंपनी के आदेशों की प्रति जलाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**बाढ़ड़ा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ ने उपमंडल स्तर पर सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने एग्रो डिस्कॉम कंपनी की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। कस्बे के जुई रोड स्थित उपमंडल बिजली कार्यालय परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन सब यूनिट प्रधान सुभाष द्वारका की अध्यक्षता में हुआ। रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ बाढ़ड़ा के प्रधान एवं वर्कर यूनियन यूनिट के कैशियर प्रविन्द्र भाण्डवा ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार नई भर्ती करने की बजाय निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। सरकार को सबसे पहले खाली पड़े पदों पर नई भर्ती करनी चाहिए, लेकिन सरकार इसके विपरीत बिजली कंपनियों के समानांतर अन्य प्राइवेट कंपनियों को बिजली वितरण का लाइसेंस दे रही है।

## भिवानी में हल्ला बोल प्रदर्शन मंत्रियों के आवास घेराव का ऐलान



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन (रजि. नं. 41) सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्रांच कमेटी पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर भिवानी ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर भिवानी कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर हल्ला बोल प्रर्दशन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप ब्रांच चेयरमैन रामबीर फौजी गुर्जर ब्रांच प्रधान दशरथ रंगा मानहेरू ने व संचालन ब्रांच वरिष्ठ उप प्रधान सतबीर दिनोद ने किया। राज्य कमेटी सह सचिव संदीप सोरखी ने कहा कि विभागीय कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बी एण्ड आर भिवानी कार्यालय पर हल्ला बोल प्रर्दशन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया, जो कार्यकारी अभियंता के माध्यम से प्रमुख अभियंता को जाएगा और एक इस हल्ला बोल प्रर्दशन में ब्रांच कमेटी की ओर से 12 सूत्रीय स्थानीय मांग पत्र भी कार्यकारी अभियंता को सौंपा गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## गांव उमरावत में सजा हरियाणवी संस्कृति का रंगमंच

# कलाकारों ने राजा हरिश्चंद्र सांग का मंचन कर किया लोगों का मनोरंजन

- हरियाणवी सांग, लोकगीत एवं लोक संस्कृति ही देश की असल पहचान : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

गांव उमरावत स्थित सूर्य कवि लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक की अध्यक्षता में हरियाणा कला परिषद द्वारा जारी सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को विशिष्ट अतिथि के रूप में रणविजय ग्रेवाल, राहुल राणा, राज सिंह, डा. नवीन कुमार तथा महाराज सोमानंद सरस्वती विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रातःकालीन सत्र में हरियाणवी पोशाक प्रतियोगिता हुई, जिसमें कनक ने प्रथम, मानवी कौशिक ने द्वितीय तथा अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मीना शर्मा, लच्छुराम एवं अनुज हलवास को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कराटे खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर हरियाणवी लोक गायिका साक्षी शर्मा का भी सम्मान किया। वहीं सायंकालीन सत्र में एसडी कॉलेज नरवाना की छात्राओं समीना दनोदा एंड पार्टी ने प्रसिद्ध हरियाणवी सांग राजा हरिश्चंद्र तारामती का जीवंत मंचन प्रस्तुत किया। कलाकारों ने सत्य, त्याग, धर्म और कर्तव्य की भावना को जिस भावपूर्ण शैली में मंच पर उतारा, उसने उपस्थित संस्कृति प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। सांग की प्रस्तुति ने हरियाणवी लोकनाट्य परंपरा की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया। अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि हरियाणवी सांग, लोकगीत और लोकसंस्कृति हमारी असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि राजा हरिश्चंद्र तारामती जैसे सांग समाज को सत्य, ईमानदारी, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं तथा युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।



भिवानी। गांव उमरावत में राजा हरिशचंद्र सांग का मंचन करते कलाकार।

### 21 हजार दिए

संगठन के प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य हरियाणवी भाषा, लोककला, लोकनाट्य और पारंपरिक संस्कारों का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम में मंच संचालन संगठन के धर्मबीर नागर ने किया। कार्यक्रम के दौरान बाबा बलदेवदास कमेटी उमरावत ने सभी अतिथियों एवं संस्कृति प्रेमियों की प्रेमपूर्वक सेवा की। वहीं उमरावत गांव की ओर से बाबा गुलाबचंद की मूर्ति स्थापना एवं भंडारे के लिए एक लाख 21 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।



भिवानी। धरने पर प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाते एसडीओ व जेई।

# धरनास्थल पर पहुंचे एसडीओ-जेई काम शुरू करवाने का भरोसा

- प्रदर्शनकारी समस्या का समाधान होने तक अड़े,जब तक समाधान नहीं रहेगा होता तब तक आंदोलन जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

मंगलवार को डॉबर कॉलोनी की 27 नम्बर गली की सीवर की समस्या को लेकर दूसरे दिन भी प्रदर्शनकारियों का धरना जारी रहा। हालांकि इस दौरान पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई व एसडीओ मौके पर पहुंचे और उन्होंने बुधवार से शिविर का कार्य शुरू करवाने का भरोसा दिलाया,लेकिन प्रदर्शनकारी कार्य शुरू होने तक धरने पर डटे रहने की बात पर अड़े रहे। वहीं बाद में प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं होता। तब तक उनका धरना जारी रहेगा। मंगलवार को नगरपरिषद के पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में क्षेत्र के लोग दूसरे धरने पर बैठे रहे। धरने की सूचना मिलते ही पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ व जेई मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों की समस्या का हल बुधवार से शुरू करवाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि वे कुछ गलियों के सीवर की समस्या का समाधान बुधवार से शुरू करवाने तथा बाकी गलियों के सीवर का कार्य अगले एक दो दिनों बाद शुरू करवाए जाने भरोसा दिलाया,लेकिन दोनों अधिकारियों को भरोसे से प्रदर्शनकारी सहमत नजर नहीं आए। अधिकारियों के जाने के बाद भी धरने पर महिला व पुरुष बैठे रहे।